आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 22.01.2025

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए अधिसूचना जारी—आज से नामांकन पत्र भरने का सिलसिला शुरू—पहले दिन कुल सात नामांकन जमा किए गए।

2— 'बेटी बचाओ—बेटी पढ़ाओ' अभियान को आज दस वर्ष पूरे हुए—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस अभियान में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही है।

3— गरियाबंद के मैनपुर इलाके से सुरक्षा बलों ने आज दो और माओवादियों के शव बरामद किए—मुठभेड़ में मरने वाले माओवादियों की संख्या बढ़कर सोलह हुई।

4— गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले समारोहों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य शासन के लिए दिशा—निर्देश जारी किए।

नगरीय निकाय चुनाव—अधिसूचना

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी की गई। इसी के साथ ही प्रदेश के दस नगरीय निकायों में नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो गया है। आज पहले दिन कुल सात नामांकन जमा किए गए हैं। इनमें से तीन पार्षद पद के लिए और चार महापौर—अध्यक्ष पद के लिए हैं। नामांकन भरने की अंतिम तारीख अट्ठाईस जनवरी है। नामांकन पत्रों की जांच उनतीस जनवरी को की जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा इकतीस जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान ग्यारह फरवरी को होगा। मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा पंद्रह फरवरी को की जाएगी।

निकाय चुनाव—भाजपा/कांग्रेस

इस बीच, प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। आज रायपुर स्थित भाजपा कार्यालय में चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने लोगों से सुझाव लेने के लिए मोबाइल नंबर और ईमेल जारी किया है।

इससे पहले, भाजपा ने नगर पालिक निगम चुनाव के लिए प्रभारी मंत्रियों और संगठन प्रभारियों की नियुक्ति भी कर दी है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पार्टी की चुनाव तैयारियों को लेकर कहा कि आज जिले की चयन समिति की बैठकें हो रही हैं। कल संभाग स्तरीय समिति की बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी समय पर प्रत्याशियों का चयन कर लेगी।

दूसरी ओर, कांग्रेस ने भी प्रत्याशी चयन को लेकर एक समिति का गठन किया है। समिति का अध्यक्ष जिला प्रभारी, प्रदेश पदाधिकारी को बनाया गया है।

इस बीच, आज रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक हुई।

उपराष्ट्रपति—रायपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल अपने एकदिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर में विद्यार्थियों के साथ आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का विषय था – 'कल्पनाएंः बेहतर भारत की'। उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान—एनआईटी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान—आईआईटी और भारतीय प्रबंधन संस्थान—आईआईएम के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण

भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत, युवाओं की बदौलत फिर से विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने छात्रों से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने एनआईटी परिसर में बनने वाले गर्ल्स हॉस्टल की आधारशिला भी रखी।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका भी उपस्थित थे।

बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ–सुकन्या योजना

'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' अभियान के आज दस वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस अभियान में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान ने लड़के–लड़कियों के भेदभाव को दूर करने में मदद की तथा लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि बेटियां बिना किसी भेदभाव के प्रगति कर सकें।

गरियाबंद मुठभेड़–शव बरामद

गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों ने दो और माओवादियों के शव बरामद किए हैं। गौरतलब है कि जिले के मैनपुर इलाके में कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी पर दो दिनों से सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। कल शाम तक सुरक्षा बलों ने चौदह माओवादियों के शव बरामद किए थे। इस तरह से अब तक कुल सोलह माओवादियों के शव बरामद हो चुके हैं। साथ ही घटनास्थल से एके–फोर्टी सेवन और सेल्फ लोडिंग रायफल सहित चौदह से अधिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। मौके से बरामद माओवादियों के शवों को रायपुर लाया गया है, जहां इनका अंबेडकर अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

इस अंतर्राज्यीय संयुक्त अभियान में छत्तीसगढ़ और ओडिशा पुलिस के साथ ही सीआरपीएफ के जवान भी शामिल हैं। इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

माओवादी कैम्प–कब्जा/आईईडी बरामद

इस बीच, बीजापुर जिले में तेलंगाना सीमा पर स्थित भट्टिगुड़ा के जंगलों में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के जवानों ने माओवादियों के एक हाईटेक प्रशिक्षण शिविर को ढूंढकर उसे अपने कब्जे में ले लिया है। सुरक्षा जवानों ने यहां माओवादियों द्वारा बनाए गए स्मारक को भी ध्वस्त कर दिया है। और जानकारी दे रहे हैं, हमारे बीजापुर संवाददाता –

बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के नैनपाल के जंगलों से आज सुरक्षा बलों ने तीन माओवादियों को विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, इसी जिले के अलग–अलग स्थानों से पांच–पांच किलो के आठ आईईडी भी बरामद किए गए हैं। जवानों ने यह आईईडी मुतवेंडी से पीड़िया जाने वाले मार्ग से बरामद किया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते की टीम ने इन आईईडी को नष्ट कर दिया है।

गणतंत्र दिवस–ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस पर राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद और विधायक अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में ध्वजोराहण करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरगुजा जिला मुख्यालय में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। वहीं, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू कोरबा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव रायगढ़ और विजय शर्मा बस्तर में ध्वज फहराएंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह दुर्ग में, मंत्री रामविचार नेताम सूरजपुर में, दयालदास बघेल महासमुंद में, केदार कश्यप दंतेवाड़ा में, लखनलाल देवांगन जशपुर में, श्याम बिहारी जायसवाल गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही में, ओ.पी. चौधरी बिलासपुर में, टंकराम वर्मा राजनांदगांव में और लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर जिला मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगी।

इसी तरह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल धमतरी, विजय बघेल कबीरधाम, संतोष पांडेय गरियाबंद, चिंतामणि महाराज कोरिया, रूपकुमारी चौधरी बलौदाबाजार, राधेश्याम राठिया जांजगीर–चांपा, कमलेश जांगड़े खैरागढ़–छुईखदान–गंडई, महेश कश्यप कांकेर, भोजराज नाग सुकमा और सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह कोंडागांव में ध्वज फहराएंगे।

इस बीच, राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मुख्य सचिव को पत्र लिखकर आदर्श आचार संहिता के दौरान गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित किए जाने वाले समारोहों के बारे में दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

बलौदाबाजार–घटना

बलौदाबाजार जिले के खपराडीह स्थित शासकीय स्कूल में करीब तीस छात्राओं की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार इस इलाके में स्थित एक सीमेंट फैक्ट्री में अवशिष्ट पदार्थ जलाए जा रहे थे, जिससे पैदा हुए धुएं और गैस से छात्राएं प्रभावित हुई और इनकी तबीयत खराब हुई है। छात्राओं को बेहोशी आने के साथ ही उल्टियां होने की शिकायत मिली हैं। प्रभावित छात्राओं का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज किया गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सीमेंट फैक्ट्री के गेट पर धरना दिया।

जांजगीर–चापा–चक्काजाम

जांजगीर–चांपा जिले के अलकतरा क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर बनाहिल गांव के ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना मिलने पर अकलतरा तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। तनाव को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात है। चक्काजाम की वजह से अकलतरा–पामगढ़–बिलासपुर मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ।

सीजीपीएससी मामला

राज्य शासन ने सीबीआई को सीजीपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में पीएससी की पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी चेतन बोरघनिया की गिरफ्तारी की अनुमति दे दी है। इस मामले में पीएससी के परीक्षा उपनियंत्रक ललित गणवीर की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है।

मौसम

प्रदेश में कल से मौसम शुष्क रहने की संभावना है। साथ ही न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार चौबीस से छब्बीस जनवरी तक न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस गिरावट होगी।

संक्षिप्त समाचार

– कोयला खदान और इस्पात से संबंधित स्थायी संसदीय समिति के सदस्यों ने आज भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। सदस्यों ने इस दौरान संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर संयंत्र की उपलब्धियों, नवाचारों और आगामी परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली।
– रायगढ़ जिले में अपने दोस्तों के साथ टीपाखोल बांध घूमने गए डिप्टी कलेक्टर अजय लकड़ा के बेटे की डूबने से मौत हो गई है।
– रायगढ़ जिले के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में मुसबहरी बांध के दलदल में फंसे एक हाथी के बच्चे की मौत हो गई है।